प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सोशल सर्विस अभियान के तहत जानकारी प्रदान की

पन्तनगर। 27 मई 2024। सोशल सर्विस अभियान के तहत 25 से 26, मई 2024 को 01 यू.के. आर. एण्ड वी. स्क्वैड्रन एन.सी.सी., पंतनगर एवं 79 यू.के. बटालियन एन.सी.सी., नैनीताल द्वारा संयुक्त रूप से भीमताल के मेहरागाँव एवं डोब गाँव में लोगों को आग लगने पर बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गयी एवं एन.सी.सी. कैडटों द्वारा नुकड. नाटक, पोस्टर, लगाकर आग लग जाने पर किस तरह से बचाव करना चाहिए, की जानकारी दी एवं लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर 1 यू.के. आर. एण्ड वी. स्क्वैड्रन एन.सी.सी., पंतनगर के कमान अधिकारी, कर्नल शोमिर भटनागर एवं 79 यू.के. बटालियन एन.सी.सी., नैनीताल के ए.एन.ओ.ले. सूरज धोनी, पंतनगर एन.सी.सी. के पी.आई. स्टाफ, हवलदार बिनोद सोनोवाल, हवलदार संजीव कुमार, एन.सी.सी. कैडटों एवं इस यूनिट के घोड़ों द्वारा गाँवों में भ्रमण कर लोगों को जंगल में लगने वाली आग से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

एन.सी.सी. कैडटों द्वारा लोगों को जागरूक करते।

निदेशक संचार